2 फरीदाबाद — सड़कों पर खड़े होने वाले ट्रक आयेदिन बन रहे हैं हादसों का कारण
6 अभिमत — जबरन धर्मांतरण पर रोक जरूरी
9 देश/विदेश — राजनीति व्यक्ति नहीं, बल्कि नीतियों के बारे में होती है : कांग्रेस अध्यक्ष
12 कसौटी — सम्पत्ति का ब्यौरा नहीं देने वाले अधिकारियों पर सख्ती

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, रविवार, 04 दिसंबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर




ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5-1 से करारी शिकस्त दी

पेज - 11

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

# अग्रवाल कॉलेज में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा अन्तर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुबेश पांडेय (प्राचार्य, अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बल्लभगढ़) उपस्थित रहे।



अग्रवाल कालेज में आयोजित अन्तर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी खिलाड़ी।

कार्यक्रम के आरम्भ में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने खिलाड़ियों की उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि मेहनत, लगन तथा धैर्य ही सफलता कुंजी है। उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी जीत का दृढ़ संकल्प मन में रखकर परिश्रम करता है। उसे लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर संयोजक (खेल समीति) डॉ. केएल कौशिक ने बताया कि खेल ही शारीरिक शक्ति का विपुल भण्डार है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में आशा, स्फूर्ति एवं नवीन ऊर्जा का संचार होता है।

उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय प्राचार्य ने रावल इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित 'रावल ओलंपिक्स' में अग्रवाल महाविद्यालय के विजेता खिलाडियों को नगद इनाम एवं टॉफी देकर सम्मानित किया जिसमें कबड्डी की टीम रनर-अप रही और विकी हड्डा को सर्वश्रेष्ठ एथलीट से पुरुस्कृत किया गया। इस इंटर कॉलेज तीरंदाजी प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न महाविद्यालयों से लगभग 100 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें इंडियन, रिकर्व और कम्पाउंड की प्रतिस्पर्धा कराइ जाएगी। जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैम्पीयनशिप में अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के बीए के छात्र सागर ने प्रथम तथा महर्षि दयानन्द विवि में आयोजित एथलेटिक्स में बीए की मेघा ने तृतीय स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।